**<u>राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के कार्यान्वयन एवं 15वें वित्त आयोग के अनुदान के उपयोग आदि की समीक्षा के संबंध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.10.2023 को सायं 05:30 से 06:00 बजे हाईब्रिड मोड में सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।</u>**

राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के कार्यान्वयन एवं 15वें वित्त आयोग के अनुदान के उपयोग आदि की समीक्षा के संबंध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.10.2023 को सायं 05:30 से 06:00 बजे उनके लोक भवन स्थित सभाकक्ष में हाईब्रिड मोड में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में भौतिक रूप से उपस्थित अधिकारीगण की सूची संलग्न है। शेष अन्य अधिकारियों द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

2— सर्वप्रथम अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा बैठक में समस्त अधिकारियों का स्वागत करते हुए मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अनुमति से बैठक प्रारम्भ की गयी तथा बैठक के उद्देश्य के बारे में अवगत कराया गया। तत्पश्चात् सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा गठित स्टीयरिंग कमेटी की दिनांक 13.09.2023 को आयोजित बैठक में उ0प्र0 के नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों की वायुगुणता के सुधार हेतु अवमुक्त किये गये धनराशि का अपेक्षित रूप से उपयोग नहीं होने की दशा में सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा व्यक्त की गयी अप्रसन्नता के बारे में अवगत कराया गया।

3— सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश के मिलियन प्लस नगरों एवं नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों की धनराशि आवन्टन/अवमुक्त होने हेतु पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की गाईडलाइन/मानदण्डों के बारे में बिन्दुवार विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

4— सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा निम्नानुसार अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर प्रस्तुतिकरण किया गया :

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम एवं 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 के पूर्व तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 में अवमुक्त धनराशि एवं नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों द्वारा उपयोग की गयी धनराशि की अद्यतन स्थिति।
- स्वच्छ वायु सर्वेक्षण के अन्तर्गत उ0प्र0 के नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों को अवार्ड के रूप में प्राप्त धनराशि।
- PRANA Portal में नगर स्तर से भरी जाने वाली सूचनाओं की अद्यतन स्थिति।
- नगर वन योजना के अन्तर्गत सम्बन्धित नगरों द्वारा प्रेषित प्रस्ताव की स्थिति।
- ऑटोमैटेड टेस्टिंग स्टेशन एवं वेहिकल स्क्रेपिंग फैसिलिटी की नगरों में उपलब्धता/प्रस्ताव, सिटी एक्शन प्लान में सम्मिलित किया जाना।
- नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में शीतकाल के दौरान GRAP के लागू किये जाने एवं प्रर्वतन कार्यों हेतु टास्क फोर्स के गठन की स्थिति।
- नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में वायु गुणता की वित्तीय वर्ष 2022–23 की स्थिति एवं परफार्मेन्स असेस्मेण्ट।
- नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में वायु गुणता की वित्तीय वर्ष 2022–23 से वर्ष 2023–24 (अप्रैल से अगस्त) का तुलनात्मक विवरण आदि।

5— सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन के प्रस्तुतिकरण के पश्चात् मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा समस्त नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों को अवमुक्त धनराशि के उपयोग एवं वायु गुणता सुधार के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित स्थानीय नगर निकायों से अवमुक्त धनराशि के अपेक्षित रूप से उपयोग न किये जाने के सम्बन्ध में कारण स्पष्ट

करने को कहा गया। नगरवार प्रस्तुत कारणों एवं शासन स्तर से बैठक के दौरान दिये गये निर्देशों का विवरण निम्नवत् है :

**(i)** <u>नगर निगम, मेरठ</u>

नगर आयुक्त, मेरठ द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के उपयोग हेतु निविदा पूर्ण कर ली गयी है तथा 30 नवम्बर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ)**

**(ii)** <u>नगर निगम, आगरा</u>

नगर आयुक्त, आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि रू0 136.5 करोड़ में से मात्र रू0 35.0 करोड़ की धनराशि अवशेष है। निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा 30 अक्टूबर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा। यह भी अवगत कराया गया कि वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु ग्रीन बेल्ट, इण्ड–टू–इण्ड पेविंग, कारकस प्लांट एवं लैण्डफिल साइट पर मियांवाकी वृक्षारोपण गतिविधि यॉं प्रस्तावित है।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा)**

**(iii)** <u>नगर निगम, वाराणसी</u>

नगर आयुक्त, वाराणसी द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त ध नराशि में से लगभग रू0 80.0 करोड़ की धनराशि उपयोग कर ली गयी तथा अवशेष धनराशि हेतु कार्ययोजना तैयार कर निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है तथा 15 नवम्बर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा। प्रस्तावित गतिविधियों के अन्तर्गत आई0टी0एम0एस0 एवं मल्टीलेवेल पार्किंग आदि को सम्मलित किया गया है।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, वाराणसी)**

**(iv)** <u>नगर निगम, गाजियाबाद</u>

नगर आयुक्त, गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि में से लगभग रू0 54.0 करोड़ की धनराशि अवशेष है जिसमें से रू0 35.0 करोड़ की निविदा कर दी गयी है तथा 31 अक्टूबर, 2023 तक इस धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा। शेष धनराशि का उपयोग भी 31 दिसम्बर, 2023 तक कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद)**

**(v)** <u>नगर निगम, लखनऊ</u>

नगर आयुक्त, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि में से सड़कों की मरम्मत, ग्रीनिंग इत्यादि कार्य प्रस्तावित है तथा 30 नवम्बर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा नगर आयुक्त, लखनऊ से पूर्व वर्ष के सापेक्ष $PM_{10}$ की मात्रा में बढ़ोत्तरी का कारण स्पष्ट करने को कहा गया, तत्क्रम में नगर आयुक्त, लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया कि सीवर लाइन, ओवर ब्रिज एवं निर्माण कार्यों इत्यादि के कारणों से धूल उत्सर्जित होने के कारण $PM_{10}$ की मात्रा में बढ़ोत्तरी हुई है।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ)**

**(vi)** <u>नगर निगम, प्रयागराज</u>

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा नगर आयुक्त, प्रयागराज से पूर्व वर्ष के सापेक्ष $PM_{10}$ की मात्रा में बढ़ोत्तरी का कारण स्पष्ट करने को कहा गया। नगर आयुक्त, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया यदि बेस लाइन वर्ष के सापेक्ष प्रयागराज में $PM_{10}$ की मात्रा में समग्र रूप से कमी आई है।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा $PM_{10}$ की मात्रा में कमी लाने हेतु नगर आयुक्त, प्रयागराज से रोड स्प्रिंकलर, मेकेनिकल स्ट्रीट स्वीपर के उपयोग एवं निर्माण कार्यों को

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, प्रयागराज)**

**(vii)** <u>नगर निगम, कानपुर</u>

नगर निगम, कानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 15वें वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का 93 प्रतिशत का उपयोग कर लिया गया है तथा $PM_{10}$ की मात्रा में भी कमी पायी गयी है।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, कानपुर)**

**(viii)** <u>नोएडा प्राधिकरण, नोएडा</u>

नोएडा प्राधिकरण से उप महाप्रबन्धक (स्वास्थ्य) द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया तथा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से मशीनें मंगा ली गयी है एवं शीघ्र ही भुगतान कर पूर्ण धनराशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा के अनुपस्थित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

**(कार्यवाही–मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा)**

**(ix)** <u>नगर निगम, मुरादाबाद</u>

नगर आयुक्त, मुरादाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020–21 में प्राप्त धनराशि का पूर्ण उपयोग कर लिया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्राप्त धनराशि का उपयोग 30 नवम्बर, 2023 कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, मुरादाबाद)**

**(x)** <u>नगर निगम, फिरोजाबाद</u>

नगर आयुक्त, फिरोजाबाद द्वारा बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 तक प्राप्त धनराशि का पूर्ण उपयोग कर लिया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 में प्राप्त धनराशि का उपयोग 30 नवम्बर, 2023 तक कर लिया जायेगा। इस हेतु निविदा पूर्ण कर ली गयी है एवं कार्यादेश निर्गत हो गये हैं। वर्षा के कारण ब्लैक टॉपिंग का कार्य बाधित है।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, फिरोजाबाद)**

**(xi)** <u>नगर निगम, बरेली</u>

पर्यावरण अभियंता, बरेली द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत

27 कार्यों हेतु निविदाएं की गयी हैं। 30 नवम्बर, 2023 तक 75 प्रतिशत धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, बरेली)**

**(xii)** <u>नगर निगम, गोरखपुर</u>

मुख्य अभियंता, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया। मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत गोरखपुर नगर निगम को प्राप्त धनराशि के कम उपयोग एवं बैठक में नगर आयुक्त के अनुपस्थित होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गयी।

मुख्य अभियंता, नगर निगम, गोरखपुर द्वारा अवगत कराया गया कि कन्वर्जेन्स के माध्यम से अन्य योजनाओं की धनराशि को वायु प्रदूषण नियंत्रण के कार्यों हेतु उपयोग में लाये जाने के कारण राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत गोरखपुर नगर निगम को प्राप्त धनराशि का अपेक्षित उपयोग नहीं हो पाया है। हैवी कार्यों हेतु निविदाएं हो चुकी है तथा धनराशि का उपयोग 30 नवम्बर, 2023 तक कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, गोरखपुर)**

**(xiii)** <u>नगर निगम, झांसी</u>

नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि का 01 सप्ताह के अन्दर 75 प्रतिशत उपयोग कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–नगर आयुक्त, नगर निगम, झांसी)**

**(xiv)** <u>नगर पालिका परिषद, रायबरेली</u>

जिला अधिकारी, रायबरेली द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत 03 परियोजनाएं यथा आई0टी0एम0एस0, पटरी कार्य एवं मियांवाकी वृक्षारोपण को सम्मलित किया गया है। आई0टी0एम0एस0 एवं पटरी कार्य हेतु निविदा खोली जा चुकी है। मियांवाकी वृक्षारोपण हेतु मृदा में उपयुक्त पी0एच0 न होने के कारण वन विभाग द्वारा कार्य किये जाने में असमर्थता व्यक्त की गयी है।

इस संबंध में सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा अवगत कराया गया कि मियांवाकी पद्धति के वृक्षारोपण, अधिक पी0एच0 की मृदा के क्षेत्रों में भी उचित प्रजातियों के चयन एवं मृदा सुधारक के साथ कराये जा सकते हैं।

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0 प्र0 शासन को रायबरेली नगर में प्रस्तावित मियांवाकी वृक्षारोपण कार्य हेतु प्रभागीय वनाधिकारी को कार्य प्रारम्भ किये जाने हेतु निर्देशित करने को कहा गया।

**(कार्यवाही– जिलाधिकारी, रायबरेली/अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, रायबरेली/प्रभागीय वनाधिकारी, रायबरेली/पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन)**

**(xv)** <u>नगर पालिका परिषद, खुर्जा (बुलन्दशहर)</u>

सैनेटरी इंस्पेक्टर, नगर पालिका परिषद, खुर्जा द्वारा अवगत कराया गया कि सभी कार्यों हेतु निविदाएं हो गयी है तथा 30 नवम्बर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, खुर्जा)**

(xvi) <u>नगर पालिका परिषद, गजरौला (अमरोहा)</u>

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला द्वारा अवगत कराया गया कि सभी कार्यों हेतु निविदाएं हो गयी है तथा 15 नवम्बर, 2023 तक 90 प्रतिशत धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा।

**(कार्यवाही–अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला )**

(xvii) <u>नगर पंचायत, अनपरा (सोनभद्र)</u>

अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, अनपरा द्वारा अवगत कराया गया कि सभी कार्यों हेतु निविदाएं हो गयी है तथा 15 अक्टूबर, 2023 तक धनराशि का उपयोग कर लिया जायेगा। अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, अनपरा द्वारा अवगत कराया गया कि 01 सप्ताह से हो रही वर्षा के कारण कार्य बाधित हुआ है।

**(कार्यवाही–अधिशाषी अधिकारी, नगर पंचायत, अनपरा)**

6– बैठक के अन्त में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा निम्न निर्देश भी दिये गये :

1. समस्त स्थानीय निकाय के नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी व्यय के लक्ष्यों का नियमित अनुश्रवण कर व्यय की निर्धारित समय में प्राप्ति सुनिश्चित करायेंगे। किसी भी दशा में व्यय की धीमी प्रगति के कारण धनराशि के अवमुक्त न होने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारण किया जाय।

**(कार्यवाही – समस्त नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी तथा प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग)**

2. समस्त स्थानीय नगर निकाय यह सुनिश्चित करें कि वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु 15वें वित्त आयोग एवं राष्ट्रीय स्वच्छ कार्यक्रम के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्थायी प्रकृति के कार्य कराये जायें, जिससे की वायु गुणता में अपेक्षित सुधार परिलक्षित हो।
3. शीतकाल प्रारम्भ हो रहा है तथा माह नवम्बर से ए0क्यू0आई0 बढ़ने लगती है अतः $PM_{10}$ एवं $PM_{2.5}$ को बढ़ने से रोकने हेतु यथा सम्भव उपाय किये जायें।
4. पराली जलाये जाने पर नियंत्रण रखा जाये।
5. रोड डस्ट एवं निर्माण कार्यों से जनित वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु यथा सम्भव उपाय किये जायें।
6. वाहन से जनित प्रदूषण पर नियंत्रण हेतु अभियान चला कर प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाये। पब्लिक ट्रांसपोर्ट को ब
7. सभी नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में GRAP का क्रियान्वयन किया जाये एवं इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। इस सम्बन्ध में सभी नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में Task Force गठित कराया जाना सुनिश्चित किया जाये।
8. सभी नॉन–अटेन्मेन्ट नगरों में नियमित रूप से सम्बंधित विभागों के साथ नगर स्तर पर बैठक का आयोजन कर वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु कार्यवाही की जाये।
9. केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली द्वारा विकसित PRANA Portal पर अपेक्षित सूचनाओं यथा वार्षिक कार्ययोजना, त्रैमासिक प्रगति आख्या, मिशन लाइफ, नगर वन योजना, आटोमेटेड टेस्टिंग सिस्टम एवं व्हेकिल स्क्रैपिंग सुविधा तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति

को यथाशीघ्र अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करें।

10. समस्त नगर नवम्बर तक अवमुक्त धनराशि का उपयोग सुनिश्चित करें तथा अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन द्वारा पुनः इसकी समीक्षा की जाये।

अन्त में बैठक धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई।

**संलग्नक–यथोक्त।**

Signed by मनोज सिंह
Date: 11-10-2023 12:35:33
Reason: Approved
(मनोज सिंह)
अपर मुख्य सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**
**संख्या–1218/81–7–2023–09(रिट)/2016**
**पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–7**
**लखनऊ : दिनांक : 11 अक्टूबर, 2023**

**प्रतिलिपि**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :

1– प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– प्रधान मुख्य वन संरक्षक और विभागाध्यक्ष, उ0प्र0, लखनऊ।
3– मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नोएडा अथॉरिटी।
4– निदेशक, नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5– जिलाधिकारी, रायबेरली।
6– नगर आयुक्त, नगर निगम, आगरा, प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, लखनऊ, मेरठ, गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, फिरोजाबाद, गोरखपुर एवं झांसी।
7– सदस्य सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, लखनऊ।
8– अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्/नगर पंचायत, खुर्जा (बुलन्दशहर), गजरौला (अमरोहा), अनपरा (सोनभद्र) रायबरेली ।
9– प्रभागीय वनाधिकारी, आगरा, प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर।
10– गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**( मनोज सिंह )**
अपर मुख्य सचिव।

राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के कार्यान्वयन एवं 15वें वित्त आयोग के अनुदान के उपयोग आदि की समीक्षा के संबंध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.10.2023 को सायं 05:30 से 06:00 बजे के मध्य लोक भवन स्थित उनके सभाकक्ष में हाइब्रिड मोड आहूत बैठक का उपस्थिति पत्रक।

| क्र.सं. | नाम एवं पदनाम | विभाग का नाम | ई-मेल/मोबाइल नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | Inderjit Singh | MC LMC | 9878955674 | [signature] |
| 6 | Mahesh Verma | CE, LMC | 8810721504 | [signature] |
| 7 | Avanindra Kumar | AME LKO | 8810721507 | [signature] |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | Ramgopal CBO | UPPCB | 7839891349 | [signature] |
| 9 | Pokhraj Sahu | UPPCB | 8707763087 | [signature] |
| 10 | Anshika Yadav | UPPCB | 7839891399 | Anshika |
| 11 | Samrendra singh | UPPCB | 7839891532 | [signature] |
| 12 | | | | |
| 13 | | | | |
| 14 | | | | |
| 15 | | | | |

राज्य स्तर पर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) के कार्यान्वयन एवं 15वें वित्त आयोग के अनुदान के उपयोग आदि की समीक्षा के संबंध में मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 03.10.2023 को सायं 05:30 से 06:00 बजे के मध्य लोक भवन स्थित उनके सभाकक्ष में हाइब्रिड मोड आहूत बैठक का उपस्थिति पत्रक।

| क्र.सं. | नाम एवं पदनाम | विभाग का नाम | ई-मेल/मोबाइल नं0 | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |
| 4 | | | | |
| 5 | | | | |
| 6 | Akhil Singh, AD (Accounts) | Directorate of Urban Local Bodies | 8189077785 | [signature] |
| 7 | | | | |